Subscribe | Past Issues | Translate

View this email in your browser

शिक्षा संस्कार ॐ सहभागिता समरसता

# बांसवाड़ा परियोजना

कार्यालय -भारत माता मन्दिर, राती तलाई, बांसवाड़ा (राज.) 327001
फेक्स : 02962-240018, फोन नं. 02962-240018, मो. नं. 9414101912, 9414102261
Email : bharatmatamandirnyas@gmail.com ◆ Website : www.banswarapariyojana.com

माह - सितम्बर 2019 अंक -013

## गणेश स्थापना एवं विसर्जन कार्यक्रम

बांसवाडा जिले की धरा लोढी काशी के नाम से विख्यात है। यहा चहुं ओर धार्मिकता की एवं वेदो की ऋचाएं निरन्तर गूंजती रहती है। यहां के जनजाति समाज मे धार्मिकता का प्रभाव बढे इस निमित्त आज से 25 वर्ष पूर्व जनजाति गांवो मे स्थान- स्थान पर अहमदाबाद शहर से लाई गई गणेश  प्रतिमाओं की स्थापना कर पूजा अर्चना के कार्यक्रम आरम्भ किए। गणेश विसर्जन के दिन बडी संख्या मे जनजाति समाज की उपस्थिति मे बडे हर्षोल्लास के साथ प्रतिमाओं का जुलूस  के साथ स्थान स्थान पर विसर्जन के कार्यक्रम हुए जिसमे अनेको साधु संतो एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों का मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद मिलता रहा है। परियोजना ने इस अभियान को 5-6 वर्षों तक निरन्तर चलाए रखा।

आज यह कार्यक्रम हिन्दू समाज का प्रमुख कार्यक्रम बन गया है एवं समाज अपने स्तर पर स्थान स्थान पर प्रतिमा स्थापित करने लगा है तथा 10 दिनो तक चलने वाले गणेशोत्सव के बाद बडी संख्या मे जुलूस  ( शोभायात्रा) एवं पारम्परिक साजबाजो के साथ विसर्जन करते है। समाज ने इस कार्यक्रम को स्वयं अंगीकार कर लिया है।




**गणेशोत्सव में भाग लेते भैया बहिन**

## नवरात्रि महोत्सव

बांसवाडा परियोजना द्वारा संचालित विद्यालयो के माध्यम से नवरात्रि महोत्सव मे विद्यालय बंदना सभा के समय 172 विद्यालयो मे श्री हनुमान चालीस के पाठ निरन्तर नो दिनो तक किये गए जिसमे 20,000 से अधिक विद्यार्थी एवं 1200 आचार्य/आचार्याओ की उपस्थिति रही।





**परियोजना विद्यालय में नवरात्री उत्सव में उपस्थित छात्र एवं ग्रामवासी**

## संस्कृति दीक्षा एवं हवन यज्ञ कार्यक्रम

विश्व हिन्दू परिषद के अखिल भारतीय मंत्री श्री जुगल किशोर  जी शर्मा के सानिध्य मे बांसवाडा जिले के ग्राम बिजोरी, हत्यादिली, पाडला कटारा, महुडी मस्कावाली मे दिनांक 9 सितम्बर 2019 से 15 सितम्बर 2019 तक जनजाति समाज के सैकडो माता बहिनो एवं बंधुओ की उपस्थिति मे संस्कृति दीक्षा के कार्यक्रम हुए।



संस्कृति दीक्षा कार्यक्रम

*Copyright © *2019* *BANSWARA PARIYOJANA*, All rights reserved.*

**Our mailing address is:**
*BHARATMATAMANDIRNYAS@GMAIL.COM*

Want to change how you receive these emails?
You can update your preferences or unsubscribe from this list.

Subscribe Past Issues Translate ▼

*why did I get this?* unsubscribe from this list update subscription preferences

Bharat mata mandir · Bharat mata mandir · rati talai · Delhi, 110009 · India

INTUIT mailchimp